Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to set up a sports academy in already established Khel Gaon in Ranchi, Jharkhand.

**श्री संजय सेठ (राँची):** सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र-रांची, जो झारखंड की राजधानी है, वहां पर वर्ष-2011 में राष्ट्रीय खेल हुए थे। उस समय खेल गांव की स्थापना हुई थी। सैकड़ों करोड़ रुपये की लागत से खेल गांव बना और आयोजन भी बहुत अच्छा हुआ था, लेकिन इतने वर्षों बाद अब उस खेल गांव का उपयोग नहीं हो पा रहा है। आप सभी को यह पता है कि झारखंड के बच्चे, चाहे ओलंपिक हो, कॉमनवेल्थ हो, चाहे हॉकी हो, चाहे फुटबॉल हो, हर खेल में आयोजित बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर लाते हैं और देश का सम्मान बढ़ाते हैं। मेरा आपके माध्यम से यह प्रस्ताव है कि उस खेल गांव में खेल विश्वविद्यालय और आर्चरी, फुटबॉल तथा हॉकी अकादमी की व्यवस्था हो, ताकि हमारे बच्चों के सपनों को पंख मिलें। वे राष्ट्र का नाम ऊंचा करेंगे और देश का नाम ऊंचा करेंगे। हमारे यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद हैं, बस जरूरत इस बात की है कि केन्द्र सरकार और हमारा खेल मंत्रालय उस पर नजर रखे और तुरन्त खेल अकादमी की घोषणा करे। धन्यवाद।